भारत के सामान्य वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास सहित अंतरिक्ष और परमाणु कार्यक्रम (IGeneral Scientific and Technological Developments including Space and Nuclear Program of India)

❑ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

☞ अंतरिक्ष में भेजा गया, भारत का प्रथम उपग्रह है **— आर्यभट्ट**

☞ भारत ने अंतरिक्ष युग में प्रवेश किया
— आर्यभट्ट के प्रक्षेपण से

☞ आर्यभट्ट का प्रक्षेपण किया गया था **– 19 अप्रैल, 1975 को**

☞ इनसैट-3 सी को प्रक्षेपित किया गया **— कौरू से**

☞ सुमेलित हैं–

कॉस्मिक बैकग्राउंड : उपग्रह कार्यक्रम एक्सप्लोरर (COBE)

फेल्कॉन : समुद्रगत केबल तंत्र

डिस्कवरी : अंतरिक्ष शटल

अटलांटिस : अंतरिक्ष शटल

☞ सुमेलित हैं–

क्यूरिओसिटी रोवर	–	यू.एस.ए. का मंगल ग्रह अन्वेषी अंतरिक्षयान
मैसेंजर	–	नासा का बुध ग्रह अन्वेषी अंतरिक्ष यान
रुस्तम-1	–	डी.आर.डी.ओ. का मानवरहित वायुयान
आकाश-2	–	टैबलेट

☞ NASA (नासा) का अंतिम अंतरिक्ष यान (शटल) रहा है
— अटलांटिस

☞ सुमेलित हैं–

अंतरिक्ष यान		प्रयोजन
कैसिनी-हाइगेंस	–	शनि ग्रह पर भेजा गया मानवरहित अंतरिक्ष यान
वॉयेजर 1 और 2	–	बाह्य सौर परिवार का अन्वेषण

☞ टिम पीक को जाना जाता है **— अंतरिक्ष यात्री के रूप में**

☞ नया नाम कल्पना-I दिया गया है **— मेटसैट को**

☞ वह वायुमंडलीय पर्त जिसमें संचार उपग्रह अवस्थित किए जाते हैं **— इक्जोस्फियर (बहिर्मंडल में)**

☞ एक भू-स्थिर उपग्रह का काल होता है **– 24 घंटे**

☞ नासा-अमेरिकी अंतरिक्ष अभिकरण ने 'केपलर' नामक दूरबीन का प्रवर्तन किया **— पृथ्वी तुल्य ग्रहों को जानने के लिए**

☞ जब INSAT-3B लांच किया गया था उस समय I.S.R.O. के अध्यक्ष थे **— के. करतूरीरंगन**

☞ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष हैं
— डॉ. के. सिवान

☞ भारत का पहला रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट छोड़ा गया था
— बैकानूर से

☞ इसरो द्वारा 22 दिसंबर, 2005 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया **— इनसैट-4 ए का**

☞ एपोसिस, कैसिनी, स्पित्जर तथा टेकसार में से एक अंतरिक्ष यान है **– कैसिनी**

☞ एप्पल उपग्रह को प्रक्षेपित किया गया था
— कौरू (फ्रेंच गुयाना) से

☞ प्रथम भारतीय संप्रेषण सैटेलाइट 'एप्पल' छोड़ा गया :
— 19 जून, 1981 को

☞ भारत के इनसैट 1-डी का प्रक्षेपण किया गया था
— 12 जून, 1990 को

☞ इनसैट-2A छोड़ा गया **– 10 जुलाई, 1992 को**

☞ इनसैट-4C, जो हाल ही में अपने निर्धारित कक्ष में प्रस्थापित नहीं हो पाई, उसका भार था **– 2168 किग्रा.**

☞ भारत का पहला संचालन उपग्रह IRNSS-IA छोड़ा गया
— श्रीहरिकोटा से

☞ सुमेलित हैं–

प्रक्षेपण यान		**सैटेलाइट**
उपग्रह प्रक्षेपण यान- 3 (SLV-3)	–	रोहिणी
संवर्धित उपग्रह प्रक्षेपण यान (ASLV)	–	SROSS-C
ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV XL C11)	–	चंद्रयान-1
भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (GSLV)	–	EDUSAT

☞ इसरो की मास्टर कंट्रोल सुविधा हासन में है, जो अवस्थित है
— कर्नाटक में

☞ सुमेलित हैं–

संस्थाएं		**स्थान**
इसरो (ISRO)	–	बंगलुरू
आईयूसीए (IUCA)	–	पुणे
आईयूएसी (IUAC)	–	नई दिल्ली
वीएसएससी (VSSC)	–	तिरुवनंतपुरम

☞ सुमेलित हैं–

अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र	–	अहमदाबाद
राष्ट्रीय दूर संवेदन केंद्र	–	हैदराबाद
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन उपग्रह केंद्र	–	बंगलुरू
विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र	–	तिरुवनंतपुरम

☞ त्रिवेन्द्रम अवस्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र मुख्यतः संबंधित है
— रॉकेट छोड़ने के लिए प्रणोदकों के अनुसंधान से तथा उपग्रह प्रक्षेपण वाहनों के विकास से

☞ हवाई जहाज के 'ब्लैक बॉक्स' का रंग होता है **— नारंगी**

☞ चंद्रयान, चंद्र कक्ष में पहुंचा **– 8 नवंबर, 2008 को**

☞ भारत के चंद्रमिशन के अंतरिक्ष यान का नाम है **— चंद्रयान-I**

☞ चंद्रयान-I का प्रक्षेपण किया गया था **— आंध्र प्रदेश से**

☞ चंद्रयान-II के प्रोजेक्ट डाइरेक्टर हैं **— डॉ. एम. अन्नादुरै**

☞ अगस्त, 2016 में चीन ने 'मिसियस' उपनाम से एक प्रणाली विकसित की, जो **— एक क्वांटम उपग्रह संचार प्रणाली है**

☞ नासा की जेट प्रोपल्सन लेबोरेटरी स्थित है **— पासाडेना में**

☞ 'ग्रीज्ड लाइटनिंग-10' (GL-10), जिसका हाल ही में समाचारों में उल्लेख हुआ
– NASA द्वारा परीक्षित विद्युत विमान है

☞ नासा का डीप इम्पैक्ट अंतरिक्ष मिशन जिस धूमकेतु केंद्रक के विस्तृत चित्र लेने के लिए प्रयोग में लाया गया, वह है
— टेम्पल-I

☞ नासा के मंगल ग्रह पर यान का नाम है **— फीनिक्स**

☞ मंगल ग्रह पर जनवरी, 2004 में पहुंचने वाला प्रथम अमेरिकन रोवर था **— स्पिरिट**

☞ नासा के अनुसार, मंगल ग्रह पर उपस्थित जीवन के अब तक पाए गए लक्षणों में सम्मिलित हैं
— जल, जिप्सम और मीथेन

☞ मीथेन उपस्थित है वायुमंडल में **— बृहस्पति के**

☞ अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' जिसे 4 जुलाई, 2006 को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया, के ईंधन टैंक को भरा गया था
— द्रव हाइड्रोजन तथा द्रव ऑक्सीजन के मिश्रण से

☞ वह जानवर जो 3 नवंबर, 1957 को अंतरिक्ष में भेजा गया था
— लाइका नामक कुतिया

☞ अंतरिक्ष खोज के लिए अपोलो-8 छोड़ा गया
– 21 दिसंबर, 1968 को

☞ चंद्रकक्षीय मिशन सेलीन-I है **— जापान का**

☞ स्ट्रैटेलाइट होता है
— अधिक ऊंचाई पर समतापमंडल में स्थापित वायुपोत

☞ थुम्बा रॉकेट छोड़ने का केंद्र अवस्थित है **— केरल में**

☞ श्रीहरिकोटा द्वीप निकट अवस्थित है **— पुलिकट झील के**

☞ श्रीहरिकोटा रेंज, जो कि भारत का उपग्रह छोड़ने का केंद्र है, स्थित है **— आंध्र प्रदेश में**

☞ फरवरी, 2004 में एक विस्फोट हुआ भारत के अंतरिक्ष केंद्र
— श्रीहरिकोटा में

☞ क्रायोजेनिक ताप से आशय उस ताप से है, जो है
— (–150^{0}C से कम)

☞ न्यून तापमानों (क्रायोजेनिक्स) का अनुप्रयोग होता है
— अंतरिक्ष यात्रा, चुंबकीय प्रोत्थापन एवं दूरमिति में

☞ निम्नतापी इंजनों का अनुप्रयोग होता है **— रॉकेट प्रौद्योगिकी में**

☞ निम्नतापी इंजन प्रयोग में लाते हैं
— द्रव ऑक्सीजन ऑक्सीकारक के रूप में तथा द्रव हाइड्रोजन ईंधन के रूप में

☞ क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल होता है
— स्पेस शटल में

☞ SLV-3, RS-D1, IRS-1D तथा INSAT-2D में से अंतरिक्ष उपग्रह नहीं है **– SLV-3**

☞ जी.एस.एल.वी.-डी2 जो हाल ही में कक्ष में प्रक्षेपित किया गया है **— स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान**

☞ भारत का अग्रवर्ती संचार उपग्रह जीसैट-8, 21 मई, 2011 को छोड़ा गया था **— कौरू से**

☞ भारतीय उपग्रह GSAT - 7 अनन्य रूप से बनाया गया है **— सैन्य संचार हेतु**

☞ वह उपग्रह जो 29 सितंबर, 2012 को भारत द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया था **– GSAT-10**

❑ रक्षा प्रौद्योगिकी

☞ भारत की टैंक प्रतिरोधी मिसाइल है **— नाग**

☞ सुमेलित हैं–

पृथ्वी	–	सतह-से-सतह तक प्रक्षेपास्त्र
त्रिशूल	–	सतह से वायु तक प्रक्षेपास्त्र
पिनाका	–	बहुनाली रॉकेट प्रणाली
निशान्त	–	युद्धक्षेत्र के निरीक्षण हेतु दूरस्थ चलित यान
नाग	–	प्रतिटैंक प्रक्षेपास्त्र
अग्नि	–	माध्यमिक परास प्राक्षेपिक निकाय

☞ अग्नि, आकाश, पिनाका तथा नाग में मिसाइल नहीं है **— पिनाका**

☞ प्रक्षेपास्त्र 'अस्त्र' है **— एक हवा-से-हवा प्रक्षेपणास्त्र**

☞ डी.आर.डी.ओ. के द्वारा जो मिसाइल कार्यक्रम बंद कर दिया गया है, वह है **— त्रिशूल**

☞ कम-दूरी का प्रक्षेपास्त्र-त्रिशूल, जिसका चांदीपुर से परीक्षण किया गया है, एक **— पराध्वनिक प्रक्षेपास्त्र है**

☞ भारत का लघु दूरी प्रक्षेपास्त्र है **— नाग**

☞ 'अग्नि' नाम जुड़ा हुआ है **— भारत द्वारा तैयार की गई मिसाइल से**

☞ भारतीय वायु सेना का विमान जो हवा-से-हवा में पुनः ईंधन भरने का कार्य करता है **— इल्यूशिन I L-78**

☞ सुमेलित है–

अरिहन्त	–	परमाणु पनडुब्बी
अवाक्स	–	इस्राइल विकसित फाल्कन वायु-सेना हेतु
एटलस सेन्टोर	–	अमेरिकी निम्नतापिकी रॉकेट

☞ भारतीय नौसेना की नाभिकीय ऊर्जा द्वारा संचालित पनडुब्बी है **— आईएनएस चक्र**

☞ भारतीय नौसेना की पनडुब्बी है **— आई.एन.एस. सिंधुरक्षक**

☞ अग्नि-I प्रक्षेपास्त्र जिसका जुलाई, 2004 में परीक्षण किया गया, उसकी मारक क्षमता है **– 700 किमी. से अधिक, परंतु 2000 किमी. से कम**

☞ धनुष मिसाइल, जिसका सफल परीक्षण भारत द्वारा मार्च, 2010 में किया गया था, की मारक क्षमता है **– 350 किलोमीटर**

☞ भारत द्वारा विकसित आई.सी.बी.एम. (ICBM) जिसकी मारक क्षमता 2000 किमी. से अधिक है, को नाम दिया गया है **— अग्नि-II**

☞ 'हंसा-2' नाम है **— एक प्रशिक्षण यान का**

☞ सुमेलित हैं–

अर्जुन	–	स्वदेश निर्मित प्रमुख युद्धक टैंक
सारस	–	स्वदेश निर्मित नागरिक यात्री वायुयान
ऑपरेशन सीबर्ड	–	कारवाड़ में भारतीय नौसेना का नया अड्डा
फाल्कन	–	इस्राइल द्वारा निर्मित हवाई पूर्व चेतावनी प्रणाली

☞ भारत 'फाल्कन राडार' सिस्टम प्राप्त करेगा **— इस्राइल से**

☞ भारत ने बराक मिसाइल-रोधी रक्षा प्रणाली खरीदी है **— इस्राइल से**

☞ भारत ने बराक-8 मिसाइल (नेक्स्ट जेनरेशन) विकसित की है **— इस्राइल के सहयोग से**

☞ भारतीय नौसेना के लिए चालकरहित हेलीकॉप्टर का विकास किया जा रहा है **— इस्राइल के सहयोग से**

☞ आधुनिक टैंक है **— अर्जुन**

☞ स्वदेशी तकनीक से तैयार किए गए प्रथम टी-90 एस युद्धक टैंक को नाम दिया गया है **— भीष्म**

☞ अग्नि- II प्रक्षेपास्त्र को प्रक्षेपित किया गया था **— चांदीपुर से**

☞ अग्नि-द्वितीय प्रक्षेपास्त्र का परास है, लगभग **– 2000 किमी.**

☞ अग्नि-5 मिसाइल के विषय में सही कथन नहीं है **— यह पूर्णतः स्वदेशी नहीं है**

☞ 'इन्द्र' है **— राडार**

☞ मई, 2003 में बालासोर में सफलतापूर्वक परीक्षित हवा-से-हवा में मारक प्रक्षेपास्त्र का नाम था **— अस्त्र**

☞ वह प्रक्षेपास्त्र जिसका परीक्षण भारतीय वैज्ञानिक व रक्षा अधिकारियों ने 27.1.96 को चांदीपुर से किया **— पृथ्वी II**

☞ पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने जो लड़ाकू वायुयान (Fighter aircraft) उड़ाया था, वह है **— सुखोई-30 एम के आई**

☞ अमेरिका ने मिसाइल टेक्नोलॉजी नियंत्रण व्यवस्था के अंतर्गत दो वर्ष के लिए रोक लगाया था

— भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन पर

☞ भारतीय प्रक्षेपास्त्रों के पूर्ण स्वदेशी कार्यक्रम का निर्माता कहलाता है **— डॉ. अब्दुल कलाम**

☞ 'शौर्य' के संबंध में सही कथन नहीं है

— यह 900 किमी. तक मार कर सकती है

☞ देशज तकनीक से विकसित तेजस है

— एक हल्का लड़ाकू विमान

☞ भारत का देश में निर्मित हल्का युद्ध योग्य हवाई जहाज है

— तेजस

☞ एडमिरल गोर्शकोव **— नौसैनिक विमानवाहक जहाज है**

☞ मार्च, 2010 में समुद्र तट पर गश्त लगाने वाले एक जलयान को तटरक्षक दल में सम्मिलित किया गया है। इसका नाम है

— विश्वस्त

☞ आई.एन.एस. शक्ति है

—भारतीय नौसेना का एक तेलवाहक पोत

☞ 'INS अस्त्रधारिणी' का, जिसका हाल ही में समाचारों में उल्लेख हुआ था

— टॉरपीडो प्रमोचन और पुनर्प्राप्ति (Recovery) जलयान है

☞ ब्रब मॉस (ब्रह्मोस) सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का निर्माण हुआ है **— भारत और रूस द्वारा**

☞ आधुनिक ब्रह्मोस पराध्वनिक मिसाइल जैसी प्रौद्योगिकी भारत ने संयुक्त रूप से विकसित की है **— रूस के साथ**

☞ ब्रह्मोस (Brahmos) है **— एक प्रक्षेपास्त्र**

☞ मार्च, 2009 में ब्रह्मोस मिसाइल का प्रक्षेपण किया गया

— पोखरण से

☞ डिफेन्स रिसर्च डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डी.आर.डी.ओ.) द्वारा बनाया गया मानवरहित एयरक्राफ्ट का नाम है **— लक्ष्य**

☞ 'ऑपरेशन शक्ति' 98 नाम है

— पोखरण में वर्ष 1998 में हुए परमाणु अभियान का

☞ स्लीनेक्स है

— भारत-श्रीलंका द्वारा किया गया संयुक्त नौसेना अभ्यास

☞ 'ऑपरेशन पवन' का संबंध है

— श्रीलंका के जाफना में आई.पी.के.एफ. ऑपरेशन से

❑ प्रमुख वैज्ञानिक एवं आविष्कार

☞ थर्मोस्कोप, प्रारंभिक थर्मामीटर का आविष्कार किया था

— गैलीलियो ने

☞ दूरबीन का आविष्कार किया था **— गैलीलियो ने**

☞ माइक्रोस्कोप का प्रयोग किया जाता है

— सूक्ष्म एवं पास की वस्तुएं देखने में

☞ विलहेल्म रॉएंटजेन ने आविष्कार किया था

— एक्स-रे मशीन का

☞ अपने बेटे के साथ भौतिकी के नोबेल पुरस्कार का सह विजेता था **— विलियम हेनरी ब्रैग**

☞ भाप के इंजन का आविष्कार किया **— जेम्स वाट ने**

☞ टेलीफोन का आविष्कार किया **— ग्राह्म बेल ने**

☞ इलेक्ट्रिक बल्ब की खोज की **— थॉमस एल्वा एडीसन ने**

☞ गैस इंजन की खोज की **— डेम्लर ने**

☞ फाउण्टेन पेन के आविष्कारक थे **— वाटरमैन**

☞ राडार का आविष्कारक था **— रॉबर्ट वाटसन**

☞ अल्फ्रेड नोबेल ने आविष्कार किया **— डायनामाइट का**

☞ जे.एल. बेयर्ड का नाम जुड़ा हुआ है

— टेलीविजन के आविष्कार से

☞ लेजर का आविष्कार किया **— थियोडोर मैमेन ने**

☞ पेनिसिलीन के आविष्कारक थे **— अलेक्जेंडर फ्लेमिंग**

☞ 'ब्लैक होल' के सिद्धांत को प्रतिपादित किया था

— एस. चन्द्रशेखर ने

☞ वैज्ञानिक एस. चन्द्रशेखर को नोबेल पुरस्कार मिला था

— नक्षत्र भौतिकी के लिए

☞ प्रकाश-वैद्युत प्रभाव के आविष्कारकर्ता थे **— हर्ट्ज**

☞ वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीन प्रसिद्ध हैं

— प्रकाश-विद्युत प्रभाव (Photo-electric effect) के लिए

☞ आइंस्टीन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया

— प्रकाश-विद्युत प्रभाव के लिए

☞ आइंस्टीन के $E = mc^2$ समीकरण में c द्योतक है

— प्रकाश गति का

☞ भौतिकी में चतुर्थ आयाम का परिचय दिया था **— आइंस्टीन ने**

☞ मधुमक्खियों की भाषा की पहचान करने के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था **— के.वी. फ्रिश्क को**

☞ सर सी.वी. रमन को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था **– वर्ष 1930 में**

☞ 28 फरवरी प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है **— रमन प्रभाव के आविष्कार की स्मृति में**

☞ वर्ष 1988 में जन्म शताब्दी मनाई गई **— सी. वी. रमन की**

☞ 'नवीन सापेक्षता सिद्धांत' प्रतिपादित किया था **— जे.बी. नार्लीकर ने**

☞ भारत में परमाणु ऊर्जा का जनक कहा जाता है **— होमी जे. भाभा को**

☞ होमी भाभा पुरस्कार दिया जाता है **— नाभिकीय ऊर्जा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए**

☞ स्टीफेन हॉकिंग एक **— वैज्ञानिक थे**

☞ भौतिक विज्ञान और जीव विज्ञान दोनों विषयों में अनुसंधान किया है **— जगदीश चन्द्र बोस ने**

☞ भारत में अणु बम के विकास में संबंधित है **— राजा रमन्ना**

☞ प्रसिद्ध भारतीय भौतिकज्ञ डॉ. सी.वी. रमन को उनके कार्य पर, उन्हें नोबेल पुरस्कार दिया गया था वर्ष **– वर्ष 1930 में**

☞ हरगोविंद खुराना को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया **— प्रोटीन के संश्लेषण के लिए**

☞ प्रयोगशाला में सर्वप्रथम DNA का संश्लेषण किया था **— खुराना ने**

☞ ऊष्मीय आयनन सिद्धांत एक महत्वपूर्ण देन है **— एम.एन. साहा की**

❑ विविध

☞ भौतिकी की वह शाखा जिसमें अति-सूक्ष्म कणों की चाल का अध्ययन किया जाता है **— क्वांटम मेकेनिक्स (Quantum Mechanics)**

☞ विज्ञान का क्षेत्र, जो मानव एवं यंत्र के मध्य स्वचलन एवं संचार का अध्ययन करता है, कहलाता है **— साइबरनेटिक्स**

☞ बहुचर्चित गॉड पार्टिकल है **— हिग्स बोसॉन**

☞ नवीनतम एंड्रॉयड चलदूरभाष प्रचालन पद्धति-9.0 का नाम है **— पाई (pie)**

☞ समय मापक विज्ञान है **— हॉरोलॉजी**

☞ घर्षण एवं स्नेहक का अध्ययन है **— ट्राइबोलॉजी**

☞ विज्ञान का वह क्षेत्र जिसमें 'व्हाइट ड्वार्फ' के बारे में सीखेंगे **— खगोलशास्त्र**

☞ राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला स्थित है **— नई दिल्ली में**

☞ राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला अवस्थित है **— पुणे में**

☞ 'टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फन्डामेंटल रिसर्च स्थित है**— मुंबई में**

☞ LASER का पूर्ण प्रारूप है **— लाइट एम्प्लीफिकेशन बाई स्टिमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडिएशन**

☞ लेज़र एक युक्ति है जिसके द्वारा उत्पन्न किया जाता है **— उद्दीपित विकिरण**

☞ विश्व की सबसे ऊंचाई पर स्थित दूरबीनी वेधशाला है **— भारत में**

☞ चंद्रा एक्स-रे दूरबीन का नाम रखा गया **— सुब्रमण्यम चान्द्रशेखर के सम्मान में**

☞ अंतरिक्ष में जाने वाला प्रथम अंतरिक्ष यात्री था **— यूरी गागरिन**

☞ विश्व की सबसे पहली महिला अंतरिक्ष यात्री है **— वैलेन्टीना टेरेश्कोवा**

☞ चंद्रमा एक **— उपग्रह है**

☞ 'न्यूक्लियर रिएक्टर टाइम बम' का लेखक है **— तकाशी हिरोज**

☞ वह युग्म जो साधारण टॉर्च सेल के टर्मिनलों को बनाता है **— जिंक - कार्बन**

☞ जी.आई.एफ. का आशय है **— ग्राफिकल इंटरचेंज फॉरमेट**

☞ जी.पी.एस. प्रयुक्त होता है **— ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम के लिए**

☞ ए.टी.एम. से तात्पर्य है **— ऑटोमेटेड टेलर मशीन**

☞ पुच्छल तारे की पूंछ की दिशा सदैव होती है **— सूर्य से दूर की ओर**

☞ अत्यधिक घनत्व वाले नक्षत्रों को कहते हैं **— न्यूट्रॉन स्टार्स**

☞ भारत की संपूर्ण ऊर्जा उत्पादन में नाभिकीय ऊर्जा का प्रतिशत है **– 3%**

☞ 21वीं शताब्दी की वह तकनीक युक्ति, जो लघुरूपण में कमाल कर सकती है **— नैनो तकनीक**

☞ नैनो-कण का आकार होता है **– 1 एन-एम. से 100 एन-एम के बीच**

☞ ''नैनो-प्लग'' संबंधित है **— एक छोटे सुनने के यंत्र से**

☞ सत्य कथन है **— नैनोकर्ण द्वारा -60 dB तक कम ध्वनि सुनाई देती है।**

☞ भारहीनता की अवस्था में एक मोमबत्ती की ज्वाला का आकार हो जाएगा **— गोलाकार**

☞ एनरॉन शक्ति परियोजना का स्थल है **— डाभोल (महाराष्ट्र) में**

☞ 'हाइड्रोकार्बन विजन, 2025' संबंधित है
— पेट्रोलियम उत्पाद के संरक्षण से

☞ भारतीय विज्ञान कांग्रेस, 2001 की विषय-वस्तु थी
— ''खाद्य, पोषण और पर्यावरण सुरक्षा''

☞ DST, CSIR, ICSSR तथा DAE में से विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित संस्था नहीं है **–ICSSR**

☞ स्वचालित कलाई घड़ियों में ऊर्जा मिलती है
— हमारे हाथ के विभिन्न संचलन से

☞ अंतरराष्ट्रीय ताप नाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर (ITER) परियोजना बनाई जाने वाली है **— दक्षिणी फ्रांस में**

☞ परमाणु आपूर्ति समूह (न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप) का सदस्य नहीं है **— ईरान**

☞ 'दक्षिण गंगोत्री' स्थित है **— अंटार्कटिका में**

☞ दक्षिण ध्रुवीय शोध के लिए स्थापित प्रथम भारतीय स्टेशन का नाम है **— दक्षिण गंगोत्री**

☞ भारत द्वारा अंटार्कटिका में निर्मित शोध स्टेशन कहलाता है
— भारती

☞ किसी जल निकाय में घनत्व प्रवणता को दर्शाती है
— पिक्नोक्लाइन

☞ जगुआर, डोर्नियर-228, सारथ (बीएमपी-II) तथा मिग-27 एम में से एक वायुयान नहीं है
— सारथ (बीएमपी-II)

☞ ''मैं आकाशगंगा का नागरिक हूं'' उक्त कथन का श्रेय दिया जाता है **— कल्पना चावला को**

☞ प्रथम भारी पानी संयंत्र स्थापित किया गया था **— नांगल में**

☞ लौह, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन तथा नाइट्रोजन में से एक प्रकृति में अनुचुंबकीय है **— ऑक्सीजन**

☞ लिथियम, सोडियम, फ्रांसियम तथा सीरियम में से कमरे के तापमान पर द्रव रूप में है **— फ्रांसियम**

☞ धातु चुंबक द्वारा आकर्षित नहीं होती **— एल्युमीनियम**

☞ निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम तथा तांबा में से विद्युत अचुंबकीय है
— तांबा

☞ चुंबकीय सुई संकेत करती है **— उत्तर की तरफ**

☞ टेप रिकॉर्डर की टेप लेपित रहती है **— फेरोमैग्नेटिक चूर्ण से**

☞ घड़ी में स्फटिक क्रिस्टल का कार्य आधारित है
— दाब विद्युत प्रभाव पर

☞ किसी इलेक्ट्रॉनिक घड़ी में लोलक घड़ी के लोलक के समतुल्य पुर्जा होता है **— क्रिस्टलीय दोलित्र**

☞ द्रव क्रिस्टल प्रयुक्त होते हैं
— कलाई घड़ियों में, प्रदर्शन युक्तियों में तथा पॉकेट कैलकुलेटरों में

☞ 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी एंड यौगिक साइंस' स्थित है **— बंगलुरू में**

☞ विश्व की सबसे विशुद्ध घड़ी जो प्रति 300 मिलियन वर्षों में केवल एक सेकंड पीछे हो जाती है, प्रयोग करती है
— स्ट्रॉन्शियम परमाणु का

☞ एक कार्बन माइक्रोफोन सबसे श्रेष्ठ प्रयुक्त होता है
— टेलीफोन में

☞ ग्रहों की गति के नियम प्रतिपादित किए गए थे **— केप्लर द्वारा**

☞ चुंबकीय अनुनाद बिम्बीकरण (MRI) आधारित है
— नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद पर

☞ साइटोट्रान ऐसा संयंत्र है जिससे उत्पन्न किया जाता है
— कृत्रिम मौसम

☞ एशिया का प्रथम इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किया गया था
— रुड़की में

☞ भारत में मीट्रिक प्रणाली प्रारंभ की गई
— 1 अप्रैल, 1957 से

☞ टैकियान से तात्पर्य है **— प्रकाश गति से तीव्र गति वाले कण**

☞ वाटरजेट तकनीक का उपयोग किया जाता है
— खदानों के वेधन में

☞ यदि कोई सूचना टेलीफोन द्वारा डायल करके अन्यत्र टेलीविजन स्क्रीन पर देखी-पढ़ी जा सके, तो उसे कहते हैं**— टेलीफैक्स**

☞ लेजर बीम का उपयोग होता है
— आंख की चिकित्सा में

☞ खनिज (मिनरल) है **— एक अकार्बनिक ठोस**

☞ सत्य कथन है
— कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से अधिक वायु प्रदूषण होता है

☞ ऑटो हॉन ने अणुबम की खोज की
— नाभिक विखंडन के सिद्धांत के आधार पर

☞ एटम बम के सिद्धांत का आधार होता है **— नाभिकीय विखंडन**

☞ वर्ष 1945 में नागासाकी (जापान) में गिराए गए बमों में प्रयुक्त किया गया था **— प्लूटोनियम**

☞ प्रथम 'थ्री डी' दूरदर्शन प्रसारण प्रायोगिक तौर पर प्रवृत्त किया है **— अमेरिका ने**

☞ पॉलीग्राफ, टरबाइन, रेडिएटर तथा क्वाड्रैंट युक्तियों में से मोटरगाड़ियों के इंजन को ठंडा करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है **— रेडिएटर को**